
तापमान
अधिकतम 41.4 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 7 मई 2024

12 पुलिस डीएवी स्कूल के स्थापना दिवस पर छात्रों ने रंगारंग...


12 एकजुट हुए कर्मचारी, ओल्ड पेंशन के मुद्दे पर...


## खबर संक्षेप

### पत्नी व बच्चों को घर से निकाला

**पानीपत।** पानीपत के जाटल रोड निवासी विवाहिता को उसके पति संजीव निवासी राम नगर, करनाल ने अपनी मां बोहती देवी के साथ मिल कर घर से निकाल दिया। वहीं विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति संजीव के एक महिला से अवैध संबंध है, विरोध करने पर पति व सास ने उसे दोनों बच्चों के साथ घर से बाहर निकाल दिया। इधर, विवाहिता की शिकायत पर पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने पति व सास पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पानीपत में महिला के जेवर व कैश चोरी

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप के प्रकाश नगर स्थित अपने मायका में रोहतक से आई रोमा का पर्स चोरी हो गया। वही, तहसील कैंप थाना पुलिस को दी शिकायत में रोमा ने बताया कि पर्स में पर्स में उसकी सोने की चेन, सोने की अंगूठी, मोबाइल फोन व करीब सात हजार रुपए की नकदी थी। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ठगी के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत एक कॉलोनी निवासी एक युवक को नशीला पदार्थ पिलाकर उसकी अश्लील वीडियों बना वारयल करने की धमकी देकर छीना, झपटी व 58 लाख 55 हजार रुपए की जबरन वसूली करने मामले में पुलिस रिमांड पर चल रही महिला आरोपी मनीषा व उसके साथी आरोपी कृष्ण की निशानदेही पर सोमवार को सीआईए थ्री पुलिस ने गिरोह के तीसरे आरोपी राकेश निवासी हरि सिंह कॉलोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया है।

### हवाई फायरिंग का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने सेक्टर 12 एनएचबीसी कॉलोनी में हवाई फायरिंग करने मामले में शिवा पुत्र सोमबीर निवासी शामली, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है।

# रादौर में धान का बीज न मिलने पर किसानों का गुस्सा फूटा, लगाया जाम

## मनमाने दामों पर लूट-खसोट करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

धान की पौध की रोपाई के लिए किसानों को 7301 व 7501 हाईब्रीड धान की किस्म का बीज बाजार में न मिलने पर सोमवार को सैंकड़ों की संख्या में किसान भड़क उठे। किसानों ने दुकानदारों पर उपरोक्त धान के बीज की कालाबाजारी करने का आरोप लगाते हुए रादौर-जठलाना सड़क मार्ग को जाम कर दिया। इस दौरान किसानों ने सरकार के प्रति रोष प्रकट करते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों से इस बारे कार्रवाई करने की मांग की।

- ब्लैक करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी : सिंह

लगभग आधा घंटे तक लगे जाम के दौरान कृषि विभाग की ओर से एसडीओ अजय नरवाल व बीईओ सलिंद्र सिंह किसानों से बात करने के लिए मौके पर पहुंचे। इस दौरान किसानों ने कृषि अधिकारियों को लिखित में शिकायत देकर कार्रवाई करने की मांग की। जिस पर किसानों ने जाम खोल दिया। सूचना मिलने पर थाना रादौर प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। वहीं कृषि विभाग के अधिकारियों ने शहर के दो अधिकृत बीज विक्रेताओं के स्टॉक रजिस्टर भी चैक किए। जबकि एक बीज विक्रेता की दुकान पर पहुंचे 7501 किस्म का लगभग 9 क्विंटल बीज गोदाम में रखवाया गया और गोदाम की चाबियां विभाग के अधिकारी अपने साथ ले गए। जबकि दूसरे बीज विक्रेता की दुकान पर पहुंचे बीज के स्टॉक बारे दुकानदार से लिखित में लिया गया कि उसके पास कितना स्टॉक मौजूद है। जिसके बाद विभाग के अधिकारियों की ओर से अपनी निगरानी में बीज बंटवाये जाने की घोषणा की गई।



यमुनानगर के रादौर में धान का बीज न मिलने पर रोड जाम करते किसान।

### दुकानदार ब्लैक में बेचकर मोटा मुनाफा कमा रहे

किसान सरपंच सुनील कौशल, निर्मल सिंह, लाभ सिंह, कुलबीर खुर्दबन, जसविंदर मलिक, नायब सिंह, सुरेश, रमेश व कर्ण सिंह आदि ने बताया कि इस समय किसान सबसे अधिक 7501 व 7301 किस्म के धान के बीज की पौध तैयार करने के लिए संघर्ष कर रहा है। लेकिन बाजार में कुछ दुकानों पर इस किस्म की धान का बीज उपलब्ध है। ऐसे दुकानदार ब्लैक में इस किस्म की धान का बीज बेचकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। किसान धान के बीज के लिए धक्के खाता फिर रहा है। किसानों ने मामले की शिकायत कृषि विभाग के अधिकारियों से की थी। लेकिन शिकायत करने पर भी दुकानदार मनमाने दामों पर 7301 व 7501 धान की किस्म का बीज बेचकर किसानों को लूटने का काम कर रहे हैं। उनकी मांग है कि सरकार व कृषि विभाग इस पर नकेल कसे और ब्लैक में धान का बीज बेचने वाले दुकानदारों पर कानूनी कार्रवाई की जाए। इस बारे भारतीय किसान यूनियन की ओर से जिला प्रधान सुभाष गुर्जर ने कहा कि सरकार अपनी निगरानी में कृषि विभाग के माध्यम से धान का बीज किसानों में बंटवाने का काम करे। उधर, कृषि विभाग के बीइओ सलिंद्र सिंह ने कहा कि विभाग की ओर से अपनी निगरानी में धान का बीज बंटवाया जायेगा। ब्लैक करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ई. रिक्शा चालक ने एटीएम को तोड़ने का प्रयास किया

## सिक्योरिटी गार्ड की मुस्तैदी से काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर में दिन दहाड़े एटीएम मशीन तोड़कर कैश चुराने का प्रयास किया गया। एक ई-रक्शिा चालक छैनी-हथौड़ा लेकर एटीएम में घुस गया। इसके बाद उसने मशीन को तोड़ने का प्रयास। सिक्यारिटी गार्ड को इसकी भनक लग गई। उसे मौके पर ही उसको काबू कर लिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को काबू किया। घटना रविवार शाम करीब सवा 4 बजे की अंबाला शहर के मोती नगर की है। आरोपी की पहचान नया कृष्णा कॉलोनी के नरेश कुमार के रूप में हुई है। अंबाला शहर की रविदास बस्ती निवासी कमल कुमार ने बताया कि वह सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। उसकी ड्यूटी मोती नगर में जमीतगढ़ रोड स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम पर है। पिछले 3-4 दिन से उनके एटीएम का कार्ड रीडर खराब हो रहा है,जिसके कारण मशीन वर्किंग में नहीं थी।

- पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ दर्ज किया केस



### हथौड़े से एटीएम मशीन तोड़ रहा था

शिकायतकर्ता ने बताया कि रविवार शाम सवा 4 बजे वह एटीएम के सामने चाय की दुकान पर खड़ा चाय पी रहा था। इस बीच एक ई-रिक्शा चालक आया। उसने अपनी ई-रिक्शा एटीएम के बाहर खड़ी करके एक थैला लेकर अंदर चला गया। उसे शक हुआ तो वह भी पीछे-पीछे पहुंच गया। यहां देख तो आरोपी छैनी-हथौड़े से एटीएम मशीन को तोड़ने की कोशिश कर रहा था। उसने आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया और इसकी सूचना संबंधित अधिकारी व पुलिस को दी। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान नरेश कुमार के तौर पर बताई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# चुनाव में तीन प्रत्याशियों के बीच होगा प्रधान पद का मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी शिक्षक संघ कुटा के 14 को होने वाले चुनाव में इस बार तीन प्रत्याशियों में प्रधान पद का मुकाबला होगा। कुटा प्रधान पद के लिए कुटा के पूर्व प्रधान व पूर्व सचिव रह चुके डॉ. विवेक गौड़, पूर्व उपप्रधान प्रो. दलीप कुमार, प्रो. नीरा राघव, डॉ. जितेंद्र कुमार और डॉ. ज्ञान चहल ने नामांकन किया था। दो प्रत्याशियों ने नामांकन वापस लेने के बाद अब प्रधान पद के लिए डा. दलीप कुमार, डा. ज्ञान चहल व डा. विवेक गौड़ के बीच मुकाबला होगा। वहीं उप प्रधान पद के लिए अब दो प्रत्याशी डा. दीपक राय और डॉ. मोहिंद्र सिंह मैदान में हैं। सचिव पद के लिए डा. राजपाल व डा. विजय कुमार के बीच मुकाबला होगा। संयुक्त सचिव पद के लिए डा. मनीषा संधु व डा. विवेक कुमार के बीच मुकाबला होगा।

कोषाध्यक्ष पद के लिए डा. सतीश कुमार का ही नामांकन होने के कारण डा. सतीश कुमार को निर्विरोध चुना गया है। चुनाव निर्वाचन अधिकारी कृष्ण पांडे ने बताया कि 6 मई तक नामांकन वापस लेने का समय था।



चुनाव निर्वाचन अधिकारी कृष्ण पांडे

- कुटा उप प्रधान पद के लिए अब दो प्रत्याशी मैदान में

### दुष्कर्म का 25 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत पुलिस के पीओ स्टाफ की टीम नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने मामले में फरार चल रहे आरोपी कामदेव निवासी हेमजा, पटना, बिहार को वहां से ही गिरफ्तार कर लाई। आरोपी मामले में 25 साल से फरार था। कामदेव पर थाना माडल टाउन क्षेत्र की एक कालोनी के निवासी की शिकायत पर 25 अप्रैल सन 1998 को किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोप में केस दर्ज है। थाना माडल टाउन प्रभारी इंस्पेक्टर रेखा ने बताया कि इधर, अदालत ने आरोपी कामदेव को जनवरी सन 1999 में भगौड़ा घोषित करते हुए थाना मॉडल टाउन को इसकी गिरफ्तारी के आदेश दिए थे। इधर, पुलिस ने गुप्ता सूचना पर पटना में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# गेहूं का उठान न होने से मजदूरों का भुगतान लटका

## परिवार से मिलने की बाट जोह रहे प्रवासी, मंडियों में कम हो गई गेहूं की आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

कस्बे की अनाज मंडी व इसके अधीनस्थ उगाला व सरदाहेडी खरीद केंद्रों पर गेहूं के उठान ठप्प होने से प्रवासी मजदूरों के पसीने की गाड़ी कमाई अटक गई है। गेहूं की आवक मंडियों में अब न के बराबर है। परंतु अभी भी लाखों की संख्या में गेहूं के कट्टे उठान की इंतजार में पड़े हुए हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार हैफेड द्वारा खरीद की गई गेहूं का उठान धीमी गति से चलने के कारण स्थानीय भंडार गृहों में किया जा रहा था। परंतु भारत सरकार द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार सारे जिला का गेहूं का उठान अचानक रोक दिया गया है। हैफेड की बजाय अब लगभग 7800 मीट्रिक टन गेहूं सीधे तौर पर एफसीआई के भंडार गृहों में रेल मार्ग द्वारा प्राथमिकता के आधार पर भेजने का निर्णय किया गया है। इसके चलते अब स्पेशल लगने की प्रतीक्षा की जा रही है। भुगतान की परेशानी झेल रहे प्रवासी मजदूरों ने आज लामबंद होकर कृषि विपणन बोर्ड के कार्यालय के समक्ष एकत्रित होकर अधिकारियों को अपनी समस्या से अवगत करवाया। प्रवासी मजदूर मोहम्मद लाला, हीरालाल, प्रमोद, राजिक, नौशाद, मितलेश, देव ने बताया कि अनाज मंडी में गेहूं की आवक नाम मात्र की होने के कारण उन्हें अब न तो काम मिल रहा है तथा जो काम में कर चुके हैं उठान में अनावश्यक विलंब के चलते न उसकी मजदूरी का भुगतान मिल पा रहा है।

- गेहूं का उठान अचानक रोक दिया गया है



कृषि विपणन कार्यालय के समक्ष एकत्रित प्रवासी मजदूर

### आदेश मिलने पर तुरंत उठान शुरू होगा

सरकारी आदेशानुसार उठान का काम ठप्प पड़ गया है। यह निर्णय मुख्यालय स्तर पर हैफेड तथा एफसीआई के उच्च अधिकारियों द्वारा लिया जाना है। सरकारी आदेश मिलने पर तुरंत उठान आरंभ करके यथोचित कार्रवाई आरंभ कर दी जाएगी। **सुरेंद्र कुमार , वरिष्ठ प्रबंधक, हैफेड**

# घर में घुसकर युवक के साथ की मारपीट

## आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव महमूदपुर में कहासुनी होने पर एक व्यक्ति ने घर में घुसकर शिवम पर हमला कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार सचिन ने बताया कि चार मई को रात साढ़े नौ बजे वह अपने घर पर मौजूद था। इस दौरान उनके गांव का ही सचिन उर्फ पम्मी उनके घर पर आया और गाली गलौच करने लगा। जब उसने आरोपी को गालियां देने से मना किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

- रात में गांव का ही सचिन उर्फ पम्मी उनके घर पर आया और गाली गलौच करने लगा फिर मारपीट की



# मेडिकल स्टोर संचालक की गिरफ्तारी का विरोध

## पुलिस अधीक्षक से मिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को जय मां वैष्णो मेडिकल स्टोर संचालक पुलकित की ए न डी पी ए स एक्ट के केस में गिरफ्तारी के विरोध में पु लि स अ धी क्ष क गंगाराम पुनिया से मिला। पुलिस अधीक्षक ने एसोसिएशन को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। जिसके बाद एसोसिएशन ने सात मई को होने वाली हड़ताल स्थगित कर दी।

- पुलिस अधीक्षक के आश्वासन के बाद एसोसिएशन ने सात मई की हड़ताल को किया स्थगित



यमुनानगर जिला सचिवालय में पुलिस अधीक्षक से मिलने जाता केमिस्ट एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

केमिस्ट एसोसिएशन के प्रधान मनजीत सिंह ने कहा कि मेडिकल स्टोर संचालक को गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया। मेडिकल स्टोर संचालक पर नियमानुसार कार्रवाई नहीं की गई। उन्हें न तो कोई नोटिस मिला। बिना ड्रग इंस्पेक्टर की उपस्थिति में उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया। जबकि स्टोर संचालक के पास सभी बिल उपलब्ध हैं। उसके पास से कोई प्रतिबंधित दवाइयां नहीं मिली। उसे एनडीपीएस एक्ट के केस में फंसाया गया है। यदि केस दर्ज करना था तो ड्रग इंस्पेक्टर कराती। पुलिस ने बिना किसी नोटिस के उसे गिरफ्तार किया।

### डाक्टर की गिरफ्तारी के बाद पकड़ा गया

स्वास्थ्य विभाग ने 16 अप्रैल को मलिक क्लीनिक ईस्ट भाटियानगर पर छापेमारी कर डॉ. रविंद्र मलिक को पकड़ा। उसके विरुद्ध केस दर्ज किया गया। आरोप था कि आरोपी डॉक्टर लड़का होने की शर्तियां दवाई दे रहा था। उसके पास से प्रतिबंधित दवाइयां मिली थी। पुलिस को तफ्तीश के दौरान पता लगा कि मेडिकल स्टोर संचालक पुलकित के पास से ही डाक्टर को प्रतिबंधित दवाइयों की सप्लाई दी गई। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक ने एसोसिएशन को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। जिसके बाद एसोसिएशन द्वारा सात मई की हड़ताल को रद्द कर दिया।

# गर्मियों में बच्चों को सुरक्षित रखें अभिभावक : डॉ. रवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

अब जब दिनों दिन गर्मी बढ़ रही है। ऐसे में बच्चों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। बच्चों को तेज धूप व गर्म हवाओं से बचाने के लिए कपड़ों से ढककर ही बाहर निकलने दे। ताकि गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके, क्योंकि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण बच्चे जल्दी ही लू, डिहाइड्रेशन, डायरिया, बुखार, संक्रमण की चपेट में आ जाते हैं। यह विचार सरस्वती मिशन अस्पताल के शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डा. रवि गर्ग ने अपनी ओपीडी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने अभिभावकों को सचेत किया है कि बच्चों को स्कूल भेजते समय उनके टिफिन में ऐसे आहार रखें जो उनमें फुर्ती बनाए रखें और पोषण भी दें। आदि की समस्याएं पैदा करती है। उन्होंने गर्मी में लू से बचाव के लिए बच्चों को अधिक से अधिक पानी देने, तरबूज, नारियल पानी, दही, नींबू पानी, लस्सी और हरी सब्जियों का सेवन करने पर जोर दिया है। इस मौसम में बच्चों को जंक फूड व फास्ट फूड से दूर रखें। अभिभावकों से आग्रह किया है कि बच्चों को गर्मी से होने वाली किसी भी बीमारी को नजरअंदाज न करें, तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर इलाज करवाए।



- इस मौसम में बच्चों को जंक फूड व फास्ट फूड से दूर रखें

**विडंबना** | नगरपालिका प्रशासन समस्याओं से जूझ रहे लोगों की नहीं ले रहा सुध, रोष

# लावारिस पशुओं ने तरावड़ी शहर में मचा रखा है आतंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

शहर के प्रत्येक रास्ते पर, गली और मोहल्लों में फिलहाल आवारा पशुओं के झुंड नजर आ रहे हैं। बीच रास्ते पर खड़े पशुओं से वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। कभी भी बड़ी दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है यही समस्या गली और मोहल्लों में आ रही है। शहर में आवारा पशुओं की बढ़ती सख्यां लोगों के लिये सिरदर्द और जान का खतरा बन रही है। मैन रोड ही नहीं बल्कि हर गली मोहल्ले में आवारा पशुओं का आतंक है। स्थिति यह है कि शहर में आवारा बैल और सांड बीच सड़क पर बैठे रहते हैं, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। कई बार दुपहिया वाहन चालक पशुओं को बचने के चक्कर में फिसल जाते है, जिससे वह चोटिल हो जाते हैं। लेकिन जिम्मेदार प्रसाशन इस और नहीं दे रहे हैं, जिससे शहर के लोगों को इस समस्या से निजात नहीं मिल पा रहा है। तरावड़ी में आवारा पशुओं में सबसे ज्यादा खतरनाक और सिरदर्द सांड होते है।

सब्जी मंडी में भी आवारा पशुओं से व्यवसायी और बाजार में आने वाले ग्राहक परेशान हो रहे हैं। इसी प्रकार गली मोहल्लों में भी आवारा पशुओ का जमावड़ा रहता है। पशु झुंड में रहते हैं जो किसी पर अटैक करे तो उनसे बचना मुश्किल है शहर में बढ़ते आवारा पशु लोगों को जान के लिए बड़ा खतरा माना जा रहा।





तरावड़ी शहर में बाजार के बीचो बीच खड़े आवारा पशु वाहन चालकों के लिए परेशानी बने। फोटो : हरिभूमि

### बुक शॉप पर खड़े बच्चे पर अचानक कर दिया हमला

सड़क और सार्वजनिक स्थलों पर मंडराते आवारा पशु लोगों की जान के लिए खतरा बन गए हैं। मेन सडक़, गली मोहल्लों में आवारा पशुओं का रहता है। आवारा पशु झुंड में रहते हैं जो किसी पर अचानक हमला कर सकते हैं। आवारा सांड ने किताबों पर दुकान खडें बच्चें पर पीछे से जाकर हमला कर दिया। बच्चा बाल बाल बच गया। सचिव अजीत कुमार का कहना है कि नगरपालिका समय समय पर आवारा पशुओं को पकड़ कर गौशाला या शहर की सीमा से बाहर छोड़ आते है। लेकिन वह कुछ वापिस आ जाते है। आसपास गांव के लोग भी पशुओं को शहर मे छोड़ जाते हैं। यह भारी समस्या है।

# वॉलीबॉल एशियाई चैंपियनशिप कैंप में 4 खिलाड़ियों का चयन

**पानीपत।** बेंगलुरू की सांई नेताजी सुभाष साउथन सेंटर में वॉलीबॉल एशियाई चैंपियनशिप 2024 कैंप के लिए ट्रायल लिया गया। जिसमें नव ज्योति मॉडल स्कूल की वॉलीबॉल खेल नर्सरी की चार खिलाडियों का का चयन हुआ है। स्कूल चेयरमैन राजेश शर्मा ने बताया कि जिला खेल अधिकारी सतेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में वॉलीबॉल कोच सनी चौधरी व खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत की बदौलत खेल नर्सरी की चार खिलाड़ियों का चयन वॉलीबॉल एशियाई चैंपियनशिप कैंप के लिए होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शर्मा ने बताया कि 18 वर्ष आयु वर्ग में गोयला खुर्द की प्रेरणा रावल, जबकि 20 वर्ष आयु वर्ग में सोनीपत के समस्तपुर गामड़ा गांव निवासी मोनिका, यूपी बागपत के सूजती गांव निवासी तनु राठी, और दिल्ली निवासी खुशी तोमर का चयन हुआ है। उक्त चारों महिला खिलाड़ी जलालपुर प्रथम गांव के नवज्योति मॉडल स्कूल की महिला वॉलीबॉल खेल नर्सरी में अभ्यास कर रही हैं।

- बेंगलुरू में चैंपियनशिप 2024 कैंप के लिए ट्रायल लिया गया



प्रेरणा रावल



मोनिका



तनु राठी



खुशी तोमर

## खबर संक्षेप

### सूने घर व बंद पड़ी फैक्ट्री को चोरों ने बनाया निशाना

**यमुनानगर।** चोरों ने अलग-अलग स्थानों पर सूने घर व बंद पड़ी फैक्ट्री को निशाना बनाकर जेवर व मशीनरी चोरी कर ली। गांव अलाहर निवासी संजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह परिवार के साथ श्रीराम कॉलोनी रादौर में रहता है। उसने अपना सामान गांव अलाहर स्थित अपने घर में रखा हुआ है। 30 अप्रैल को जब वह अपने घर आया तो उसे ताला टूटा हुआ मिला । जांच करने पर घर से सोने के टोपस, अंगूठी, सोने की चेन, पीतल के बर्तन व अन्य सामान गायब था। उधर, दुर्गा विहार कॉलोनी निवासी तरूण कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी जोडियां के पास प्लाईवुड फैक्ट्री। जो कि काफी दिनों से बंद पड़ी है। 25 अप्रैल को जब वह फैक्ट्री में गया तो वहां से सामान गायब मिला।

### घर से 30 हजार रुपये चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव सुताना निवासी कविता के घर से तीस हजार रुपये की नगदी चोरी हो गई। सविता कुछ ही घंटों के लिए घर को ताला लगाकर काम गई थी। जब वह वापस लौटी, तो ताला टूटा देखा। चोर ने घर से 30 हजार कैश और एक सिलेंडर चुरा लिया। कविता की शिकायत पर पुराना औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जबकि कविता ने चोरी का शक अपने पडोसी पर जताया है।

### श्री हनुमान मंदिर उत्सव आठ को

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप के फतेहपुरी चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर का वार्षिक महोत्सव आठ मई को धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें पावन आशीर्वाद स्व.प.गोपीचंद शर्मा का रहेगा।

### एफ एलएन प्रशिक्षण में अध्यापकों को दी ट्रेनिंग

**पानीपत।** बापौली में आयोजित चार दिवसीय एफ एलएन प्रशिक्षण का आज समापन बैच नंबर तीन व चार के रूप में हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी बापौली कृष्णा खत्री ने बताया कि यह ट्रेनिंग 40-40 अध्यापकों के आठ बैच में खंड कार्यालय पर आयोजित करवाई जाएगी। विजेंद्र नरवाल बीआरसी ने भी अध्यापकों और मास्टर ट्रेनर का सहयोग किया। इस अवसर पर ट्रेनर अनिल बीआरसी, बलिंद्र सिंह, रमेश चंद, कुसुम, मंजू, जसबीर आदि थे।

### दो महीने से अधूरा लटका पड़ा है रादौर का सड़क मार्ग

# सड़क न बनने से नाराज दुकानदारों का गुस्सा फूटा, किया प्रदर्शन




**यमुनानगर।** रादौर में उखड़ा पड़ा टेलीफोन एक्सचेंज रोड व रादौर में नगरपालिका के विरुद्ध नारेबाजी करते दुकानदार।

### क्षेत्र की लाइफ लाइन कहे जाने वाले सड़क मार्ग के अधूरा पड़ा होने से स्थानीय लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रादौर के टेलीफोन एक्सचेंज रोड के बनने का कार्य काफी समय से अधूरा पड़ा होने के चलते सोमवार को दुकानदारों का गुस्सा फूट पड़ा। जिसके चलते दुकानदारों ने नपा प्रशासन के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। दुकानदारों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह तक इस मार्ग को नहीं बनाया गया तो लोकसभा चुनावों में मतदान नहीं किया जाएगा। दुकानदारों अमन बंसल, मोहित कुमार, मनीष कुमार, नवीन गौड, सुखबीर, बलराम सैनी, जगदीश कुमार, बलिंद्र सिंह, नीरज व कालू आदि ने बताया कि नगरपालिका की ओर से लगभग 40 लाख रूपये की लागत से बनने वाले एक्सचेंज रोड का कार्य लगभग दो महीने पहले शुरू हुआ था।

लेकिन आज तक यह सड़क मार्ग बनकर तैयार नहीं हो पाया है। क्षेत्र की लाइफ लाइन कहे जाने वाले इस सड़क मार्ग के अधूरा पड़ा होने से स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। इस रोड पर अधूरे पड़े सड़क मार्ग के कारण दुकानदारों की दुकानदारी बंद हो गई है। दिनभर धूल मिट्टी उड़ती रहती है। जिससे वातावरण दूषित हो रहा है और लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर पड़े पत्थरों के कारण वाहन चालकों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

दुकानदारों ने बताया कि टेलीफोन एक्सचेंज रोड बनाने का कार्य पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने पहली मार्च को नारियल फोड़कर शुरू किया था। जिसके बाद इस सड़क मार्ग को बनाने के लिए ठेकेदार ने पुरानी सड़क को उखाड़ दिया था। पिछले लगभग दो महीने से यह सड़क मार्ग उखड़ा पड़ा हुआ है। जिससे गुजरना मुश्किल हो गया है।

#### सीवरेज बिछाने के कार्य से निर्माण रुका

ठेकेदार गौरव सैनी ने बताया कि इस सड़क मार्ग पर पब्लिक हेल्थ की ओर से बीच में ही सीवरेज बिछाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। यह कार्य बेहद धीमी गति से किया जा रहा है। जिस कारण सड़क का निर्माण कार्य रुक गया है। वहीं, पब्लिक हेल्थ के एसडीओ रवि नायक ने बताया कि पब्लिक हेल्थ की ओर से कार्य पूरा कर लिया गया है। नगरपालिका अब इस सड़क मार्ग पर निर्माण कार्य शुरू कर सकती है। नगरपालिका के जेई संदीप सिहाग ने बताया कि सड़क का निर्माण कार्य एक-दो दिन में शुरू कर दिया जायेगा। साथ ही जल्द ही सड़क बनकर तैयार हो जायेगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 मई को

### केस निपटान के लिए बनाए 6 बैच

- जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने लोगों से राष्ट्रीय लोक अदालत में केसों का निपटान करवाए जाने के लिए किया आहवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला न्यायिक परिसर जगाधरी व उपमंडल बिलासपुर अदालत परिसर में 11 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जोगा। इस लोक अदालत के लिए 6 बेंचो का गठन किया गया है। जोकि यमुनानगर व बिलासपुर सब डिविजन में होंगी। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने बताया कि आम जनता को कम समय में न्याय मिले इसके लिए समय समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत व स्थानीय लोक अदालत आयोजित की जाती है। ताकि जनता को स्थानीय स्तर पर न्याय मिल सकें। लोगों को कानून की जानकारी देने के लिए पैनल के एडवोकेटस के माध्यम से कैम्प लगा कर जागरूक किया जा रहा है। लोगों को चाहिए कि वह कानूनी जागरूकता के लिए जागरूकता कैम्पों में भाग लें।

उन्होंने बताया कि 11 मई को आयोजित दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत में केसों के निपटान के लिए 6 बैंच बनाए गए हैं। इन बैचों के माध्यम से केसों का निपटान किया जाएगा। पहला बैच अतिरिक्त जिला व सेशन जज संदीप सिंह व सदस्य एडवोकेट प्रवीण शर्मा जो कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी एमएसीटी व बिजली के केस देखेगें। दूसरे बैंच में प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट जगजीत सिंह व सदस्य एडवोकेट प्रवेज खान सभी वैवाहिक केस (तलाक) के केस के अलावा अन्य मामले देखेगे। उन्होंने बताया कि तीसरे बैंच में अतिरिक्त सिविल जज सीनियर डिवीजन सुमित्रा कादियान व सदस्य एडवोकेट दीक्षा लोक अदालत में सभी सिविल व क्रिमिनल केस 138 व समरी केसों के अलावा अन्य देखेंगे। चौथे बैंच में सिविल जज जूनियर डिवीजन कपिल व सदस्य एडवोकेट यशराज ट्रैफिक चालान से संबंधित केस 138 व समरी केसों के अलावा देखेंगे। पांचवें बैंच में सिविल जज जूनियर डिविजन हरलीन कौर व सदस्य एडवोकेट राखी वर्मा उन सभी केसों को देखेंगी जो कि जिला मजिस्ट्रेट यमुनानगर की अदालत में लोक अदालत में निपटान के लिए चिन्हित किया गया है। जबकि छठे बैंच में अतिरिक्त सिविल जज सीनियर डिविजन बिलासपुर कीर्ति वशिष्ठ व सदस्य एडवोकेट रणधीर सिंह सभी प्रकार के सिविल व क्रिमिनल केस जो कि सिविल जज व ज्यूडिशरी मजिस्ट्रेट बिलासपुर के अंतर्गत आएंगे उन्हें देखेगें।

# जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

- जागरण के बाद भंडारे का किया आयोजन
- शिव एकता सेवा समिति द्वारा मां भगवती के 24वें जागरण का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**रादौर।** मां भगवती के जागरण के बाद आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

शिव एकता सेवा समिति रादौर द्वारा कस्बा की अनाज मंडी मार्ग पर 24वें मां भगवती के जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में भजन गायकों द्वारा आयोजित भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। जागरण के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जागरण का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं निवर्तमान नपा के वाइस चेयरमैन रोशन लाल ने ज्योति प्रज्जवलित करके किया। समिति के सदस्य पार्षद गुलशन सैनी, एमसी भगवतदयाल कटारिया, संजीव घेसपुरिया ने बताया कि मां भगवती के जागरण में भजन गायिका गीतू अरोड़ा फरीदाबाद, कुलदीप सिंह दिल्ली व गायक सूरज चंचल यमुनानगर ने मां भगवती का गुणगान किया। जागरण के अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन कर सभी के लिए सुख शांति की कामना की गई। वहीं आज श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति सदस्यों ने बताया कि समिति की ओर से हर वर्ष माता भगवती के जागरण का आयोजन किया जाता है। जिसमें शहरवासी बढ़ चढ़कर तनमनधन से सहयोग देते हैं।

# शहर में लगे अवैध होर्डिंग व फ्लेक्स बोर्ड हटवाए

- शहर के मॉडल टाउन, गोविंदपुरी रोड, तेजली, रेलवे रोड पर स्ट्रीट लाइट के पोल व अन्य स्थानों पर लगे हुए थे होर्डिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर




**यमुनानगर।** अवैध होडिंर्ग हटाते निगम कर्मी। *फोटो: हरिभूमि*

नगर निगम ने सोमवार को शहर में विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से लगाए गए होडिंर्ग, फ्लेक्स बोर्ड, पोस्टर व बैनरों को हटाया। यह होडिंर्ग व फ्लेक्स बोर्ड शहर के मुख्य मागोंर् पर स्ट्रीट लाइट के पोल, विभिन्न चौकों, पार्कों की दीवारों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से लगाए हुए थे। इससे जहां शहर की सुंदरता बिगड़ती है। वहीं, नगर निगम के राजस्व को नुकसान हो रहा था। नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर शहर में अवैध रूप से लगे होडिंर्ग और फ्लेक्स बोर्ड हटाने के लिए सहायक अभियंता राजेश शर्मा के नेतृत्व में कनिष्ठ अभियंता पंकज कांबोज व अन्य निगम कर्मचारियों की टीम बनाई हुई है। निगम की इस टीम द्वारा वार्ड नंबर एक से 22 तक विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से लगे होर्डिंग, फ्लेक्स बोर्ड व बैनर हटाने का अभियान चलाया हुआ है। सोमवार निगम की टीम द्वारा मॉडल टाउन, गोविंदपुरी रोड, कन्हैया साहिब चौक, तेजली व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से लगाए होडिंर्ग, पोस्टर व बैनर हटाए।

#### शहर को सुंदर बनाने में शहरवासी सहयोग करे

बिना अनुमति लगाए गए होर्डिंग व फ्लेक्स बोर्ड को हटाकर जब्त कर लिया जाएगा। निगम द्वारा होर्डिंग व बैनर लगाने के लिए कुछ स्थान निर्धारित किए गए है। यदि किसी को अपने प्रचार के लिए होर्डिंग लगाने है तो निर्धारित फीस जमा कर निर्धारित स्थानों पर होर्डिंग लगा सकते है। होर्डिंग लगाने के लिए इच्छुक व्यक्ति उनसे संपर्क कर सकते है। उन्होंने कहा कि शहर को सुंदर बनाने में सभी शहरवासी सहयोग करें। सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं। पाकोंर् की दीवारों, चौकों व अन्य सरकारी भवनों की दीवारों पर पोस्टर न लगाए। इससे हमारे शहर की सुंदरता बिगड़ती है।



### महिलाओं के कल्याणार्थ तत्परता से किए जा रहे हैं कामः माटिया

**रादौर।** रोटरी क्लब वूमेनस सेल रादौर के सदस्यों की कस्बा में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सेल की अध्यक्ष पूजा माटिया ने की। बैठक में सदस्यों को सगंठन मजबूत करने के लिए आहवान किया गया। वूमेनस सेल की अध्यक्ष पूजा माटिया ने सदस्यों को बताया कि क्लब की ओर से महिलाओं के कल्याण के लिए तत्परता से कार्य किए जा रहे हैं। हमें महिलाओं के कल्याण के लिए हर समय तत्पर रहना चाहिए। ताकि महिलाओं को अधिक से अधिक लाभ मिल सके और उनकी समस्याएं दूर हो सकें। उन्होंने सदस्यों को संगठन को मजबूत करने के लिए भी आहवान किया। इस दौरान बैठक में मई माह में कार्यक्रम आयोजित करने व अन्य प्रोजेक्टों पर कार्य करने के बारे में चर्चा की गई। वहीं, कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाए जाने व प्रतियोगिताओं में विजेता बनने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।

# चमरौड़ी की टीम ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

- विजेता टीम को मुख्यातिथि ने ट्रॉफी देकर किया सम्मानित
- यूथ क्लब द्वारा गांव रादौरी में आयोजित की क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** रादौरी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीम को ट्रॉफी भेंटकर सम्मानित करते आयोजक व अतिथि।

यूथ क्लब के तत्वावधान में रादौरी में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया। समापन अवसर पर फाइनल मैच रादौरी व चमरौड़ी की क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। समापन अवसर पर मैच का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं वरिष्ठ समाजसेवी व कांग्रेस नेता नरसिंह पाल ने रिबन काटकर किया। प्रतियोगिता में फाइनल मैच में चमरौड़ी की टीम ने रादौरी की टीम को आठ विकेट से हराकर मैत जीत लिया। इस दौरान रादौरी की टीम ने पहले खेलते हुए निर्धारित पांच ओवर में 55 रन बनाए। जवाब में चमरौडी की टीम ने 4 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य की प्राप्ति की। इस अवसर पर मुख्यातिथि नरसिंह पाल ने प्रतियोगिता की विजेता टीम को ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 18 टीमों ने भाग लिया। वरिष्ठ समाजसेवी नरसिंह पाल ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। हमें किसी न किसी रूप में खेलों से अवश्य जोडन्ना चाहिए। खेल हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता हैं । प्रतियोगिता का आयोजन दीपांशु पांचाल एंड टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजिंदर कश्यप, मयंक शर्मा, अजय कांबोज, बलविंद्र कबीर पंथी, विशाल, रवि, अनिकेत, सुमित, आशु, हर्षित, अंकित, मानित व ललित आदि मौजूद रहे।

# रूबिक क्यूब सॉल्विंग स्पर्धा में समर्थ प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- प्रतियोगिता जीतकर स्कूल पहुंचे समर्थ का किया गया स्वागत



**यमुनानगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र समर्थ मिश्रल विजेता ट्राफी के साथ।

गुरूग्राम में आयोजित रूबिक क्यूब सॉल्विंग प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र समर्थ मिश्रल ने प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता जीतने के बाद स्कूल में पहुंचे समर्थ का प्रबंधक कमेटी द्वारा स्वागत किया गया है। स्कूल की प्रधानाचार्या मनीषा सिंह ने बताया कि 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र समर्थ मिश्रल ने गुरुग्राम में आयोजित रूबिक क्यूब सॉल्विंग प्रतियोगिता में दो गुणा दो क्यूब सॉल्विंग पिरामिंक्स क्यूब सॉल्विंग और मिरर क्यूब सॉल्विंग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा तीन गुणा तीन रूबिक क्यूब सॉल्विंग में द्वितीय स्थान एवं क्यूब कोंबिनेशन में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि समर्थ मिश्रल किसी भी रूबिक क्यूब को कुछ ही सैकिंडों में हल कर लेता है।

## बैठक

### एडीसी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी यमुनानगर ने सेक्टर अफसरों को दिए निर्देश

### जिला सचिवालय में आयोजित हुई सेक्टर अफसरों की बैठक

# मतदान के दिन बूथों पर होगी पानी, पंखे, शैड व स्वास्थ्य सम्बंधी व्यवस्थाः सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर




**यमुनानगर।** बैठक में दिशा निर्देश देते हुए सहायक रिटर्निंग अधिकारी आयुष सिन्हा व भाग लेते हुए सेक्टर अफसर।

जिला सचिवालय में सोमवार को सेक्टर अफसरों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त एवं सहायक रिटनिंर्ग अधिकारी यमुनानगर विधानसभा आयुष सिन्हा ने की। सहायक रिटर्निंग अधिकारी आयुष सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय चुनाव आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव के दिन 25 मई गर्मी को देखते हुए पोलिग बूथों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए पानी, शेड, पंखे व स्वास्थ्य से संबंधित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने सभी सेक्टर ऑफिसर से उनके अधीन आने वाले बूथों की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान जिन बूथों पर व्यवस्था ठीक नहीं है उनके बारे में भी पूछताछ की। उन्होंने कहा कि किसी भी बूथ पर व्यवस्था की कमी नहीं रहनी चाहिए। जो चुनाव आयोग ने निर्देश दिए हैं उनकी पालना मतदान से एक सप्ताह पहले की जाए। किसी भी बूथ पर कोई कमी है तो उसकी जानकारी तुरंत एआरओ कार्यालय में दें। ताकि समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूरी की जा सकें।

#### टेंट की व्यवस्था की जाएगी

एडीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि 25 मई को मतदान के दिन अधिक गर्मी होने की आशंका है। ऐसे में मतदाताओं को लाइन में खड़े होने के लिए टेंट आदि की व्यवस्था की जाएगी। जिन स्कूलों में बरामदे हैं। उन स्कूलों में मतदाताओं की लाइन बरामदे में लगाई जाएंगी। सभी बूथों पर पीने के पानी के कैम्पर पहुंच जाएंगे और उचित पंखों की व्यवस्था की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वह यमुनानगर विस क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों पर एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाएं जो ओआरएस आदि मुहैया करवा सकें।

# अवैध शराब पर रखें कड़ी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश



अपने कार्यालय में चुनाव सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एंव उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को लोकसभा चुनाव के दौरान जिला में अवैध रूप से शराब की बिक्री न हो इसके लिए संबंधित विभाग तत्परता से निगरानी करने और समय समय पर अधिकृत शराब ठेकों पर रिकॉर्ड की जांच किए जाने के निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि चुनाव के दौरान जिला में किसी भी हाल में अवैध शराब नहीं मिलनी चाहिए। यदि कहीं भी अवैध शराब पाई गई तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि संदिग्ध लोगों व स्थानों पर कड़ी नजर रखते हुए जिला में अवैध शराब की सप्लाई को रोकने में सजगता रखनी है। इसके अलावा अवैध व नकली शराब की बिक्री जैसी गतिविधियों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रखी जाए। आबकारी विभाग के अधिकारियों को अगर चेकिंग जैसे कायोंर् में पुलिस विभाग की आवश्यकता है तो पुलिस विभाग द्वारा उन्हें हरसंभव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित सभी मतदान केंद्रों का मौका मुआयना करें। अगर किसी मतदान केंद्र को और कहीं शिफ्ट करवाना है तो उसकी रिपोर्ट तुरंत प्रस्तुत करें । ताकि समय पर उस मतदान केंद्र को शिफ्ट किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### कुवि में कला प्रदर्शनी झलक का शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग में सोमवार को छात्रा कलाकारों कविता, पूजा और सोनाली द्वारा कला प्रदर्शनी झलक का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संकाय के निदेशक डॉ. अमित लुदरी ने कलाकार छात्राओं से उनके विषय के विभिन्न तकनीक और बारीकियों के बारे में बातचीत करते हुए प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उन्होंने कलाकार छात्राओं की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अलग-अलग स्थानों से दो मोटरसाइकिल चोरी

**पिहोवा।** शहरी थाना पिहोवा लवदीप सिंह पुत्र राम कुमार निवासी पिहोवा ने बताया कि वह हनुमान मन्दिर कुरूक्षेत्र रोड पिहोवा पर पूजा करने के लिये आया था और उसने अपनी मोटरसाईकिल मन्दिर के बाहर खड़ी की थी वहीं से उसकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। एक अन्य मामले में थाना शहर पिहोवा में दी शिकायत में गुरचरण सिंह पुत्र अमर सिंह महादेव कालोनी सुरजपुर (कालका ) का रहने वाला है। बीते 7 अप्रैल 2024 को वह सरस्वती सरोवर पर कर्म करवाने आया था और अपनी मोटर साईकिल गेट नं एक के पास सरस्वती पार्क में खड़ी करके रात्रि समय सरोवर पर चले गये। करीबन डेढ़ बजे जब वापिस आए तो मोटर साईकिल नहीं मिली।

### कुवि के 6 शोधार्थी पीएचडी उपाधि के पात्र घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 06 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। कुवि के लोक सम्पर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किए गए शोधार्थियों में पंजाबी से गुरदीप कौर, कॉमर्स से शिल्पा रानी, फाइन आर्ट्स से सरबजीत कौर, संस्कृत से लक्ष्मी कुमारी, लॉ से साक्षी चौधरी व केमिस्ट्री से जय प्रकाश शामिल हैं।

### जनरल चुनाव पर्यवेक्षक ने संभाला कार्यभार

**करनाल।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से करनाल लोकसभा क्षेत्र के आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए सामान्य पर्यवेक्षक के तौर पर 2008 बैच के आईएएस अधिकारी ई. रविंद्रन ने अपना कार्यभार सम्भाल लिया है। चुनाव अवधि के दौरान इनका कार्यालय एनडीआरआई करनाल में केसी सेन रेस्ट हाऊस सुइट नं. 1 में रहेगा। पर्यवेक्षक का मोबाईल नम्बर 92533-90411 है।

### भारत विकास परिषद् ने कन्या की शादी में दिया शगुन

**तरावड़ी।** भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी द्वारा कन्या शगुन योजना के तहत सोनिया सुपुत्री बंसी लाल ईदगाह बस्ती तरावड़ी में गरीब परिवार की शादी के अवसर पर कन्या शगुन दिया गया। इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष योगेश मिड्डा ने कहा कि शाखा का हमेशा यही प्रयास रहता है कि गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की यथासंभव सहायता की जा सके ।

---

डा. माधवी खोड़े ने एमसीएमसी कक्ष का किया औचक निरीक्षण

# मतदाता दिखा सकते हैं अन्य पहचान प्रमाण पत्र : माधवी

- वोटर स्लीप का प्रयोग केवल मतदाताओं की जानकारी के लिए किया जाएगा
- एमसीएमसी कक्ष के बारे में संबंधित अधिकारियों से फीडबैक लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सामान्य आब्जर्वर डा. माधवी खोड़े चवरे ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 में मतदान के दौरान कोई भी मतदाता अपनी पहचान के लिए मतदाता पहचान पत्र के अलावा अन्य प्रमाण पत्रों का भी दिखा सकता है, बशर्ते उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। मतदाताओं को जारी किए जाने वाले वोटर स्लीप का प्रयोग केवल मतदाताओं की जानकारी के लिए किया जाएगा उसे पहचान के रूप में नहीं माना जाएगा। मतदाता को चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार पहचान पत्रों में से किसी एक को अपनी पहचान के लिए दिखाना जरूरी होगा। सामान्य आब्जर्वर डा. माधवी खोड़े चवरे सोमवार को लघु सचिवालय के चौथे तल पर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा बनाए गए एमसीएमसी कक्ष का औचक निरीक्षण करने के उपरांत आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। इससे पहले सामान्य आब्जर्वर डा. माधवी खोड़े चवरे, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा, नगराधीश रमन गुप्ता, चुनाव तहसीलदार सरला कौशिक ने एमसीएमसी कक्ष, टोल फ्री नंबर 1950, सी-विजिल कक्ष, एक्सपेंडिचर रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने एमसीएमसी कक्ष के बारे में संबंधित अधिकारियों से फीडबैक ली और एमसीएमसी कक्ष में किस प्रकार कार्य किया जा रहा है, इसके बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की। उन्होंने कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि लोक सभा आम चुनाव को लेकर पैड न्यूज, विज्ञापन और प्रचार-प्रसार से सम्बन्धित खर्चो का सही आकलन करना है और खर्चों को प्रत्याशियों के खर्चों में जोड़ना है। सभी अधिकारी चुनावी खर्चों से संबंधित विस्तृत जानकारी रोजाना दें। चुनावों की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए वीडियो टीम, वीडियो व्यूईंग टीम और अकाऊंटिंग टीम साथ-साथ काम करेंगी। इस दौरान एमसीएमसी के सदस्य सचिव एवं डीआईपीआरओ डा. नरेन्द्र सिंह ने सामान्य ऑब्जर्वर को एमसीएमसी कक्ष के बारे में फीडबैक रिपोर्ट दी। सामान्य आर्ब्जवर ने कहा कि मतदान के दौरान मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, किसी भी बैंक/डाकघर द्वारा फोटो सहित जारी पास बुक, ड्राइविंग लाइसेंस, केन्द्रीय/ राज्य/पीएसयू/ पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए पहचान पत्र, पैन कार्ड, पासपोर्ट, फोटो लगी पैंशन बुक, स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा स्कीम के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, एमपी/ एमएलए/ एमएलसी को जारी कार्यालय पहचान पत्र आदि को मतदाता अपनी पहचान के लिए दिखा सकता है, इसके लिए उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज होना भी अनिवार्य होना चाहिए।



कुरुक्षेत्र। एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण करती सामान्य आब्जर्वर डा. माधवी।

**सामान्य आब्जर्वर से मिलने का समय**

सामान्य आब्जर्वर डा. माधवी खोड़े चवरे के मोबाइल नंबर 92533-04065 पर चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी दी जा सकती है और चुनावों से संबंधित किसी भी विषय पर कोई भी व्यक्ति सामान्य आब्जर्वर डा. माधवी खोड़े चवरे से सर्किट हाउस विश्राम गृह में कमरा नंबर 101 में सुबह 9.30 बजे से लेकर 4 बजे तक मिल सकता है।

---

# धान का बीज लेने को हो रही कड़ी मशक्कत

- धान की किस्म 7501 का बीज लेने के लिए लग रही लाइन
- कड़ी धूप में घंटों तक लाइन में लगने के बाद भी नहीं मिल रहा किसानों को बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पीआर धान का बीज लेने के लिए लोगों को कडकती धूप में घंटों इंतजार करने के बाद लाइनों में लग कर पसीना बहाना पड़ रहा है, लेकिन उसके बावजूद उन्हें जरूरत के अनुसार बीज नहीं मिल पा रहा है। धक्कामुक्की तक हो रही है। सोमवार को एक बीज विक्रेता की दुकान पर पीआर धान 7501 बीज के आने की किसानों को जैसे ही भनक लगी तो सैंकड़ों की संख्या में किसान पहुंच गए। बीज विक्रेता की दुकान खुलने से पहले ही किसानों की लंबी-लंबी लाइनें लग चुकी थी। दुकानदार के आते ही किसानों में बीज लेने की होड़ लग गई और अफरा तफरी का माहौल बन गया। आखिरकार बीज विक्रेता को पुलिस बनानी पड़ी। किसानों को धान की किस्म 7501 का बीज लेने के लिए कड़कड़ाती धूप में कसरत करनी पड़ रही है। किसानों को कई-कई घंटों तक लाइन में लगने के बाद केवल एक ही थैली मिल रही है। यही नहीं, बीज लेने के लिए पहुंचे पुरुष व महिला किसानों को बीज बांटने के लिए पुलिस को भी बुलाना पड़ रहा है। बीज लेने पहुंचे किसान अमरीक, सुधीर, गुलशन ने बताया कि सुबह सात बजे दुकान खुलने से पहले ही 7501 धान का बीज लेने के लिए लाइन में खड़े हो गए थे। 10 बजे के बाद दुकानदार आया और उसके बाद बीज बांटना शुरू किया। बताया कि जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया वैसे-वैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ता गया, लेकिन उनका लक्ष्य बीज प्राप्त करना था।



कुरुक्षेत्र। बीज लेने के लिए लाइन में खड़े किसान। फोटो : हरिभूमि

### थानेसर में मिल रहा लोगों का समर्थन : तनुजा

**कुरुक्षेत्र।** इनेलो नैत्री तनुजा के नेतृत्व में लगातार डोर टू डोर अभियान जारी है। गांव गांव में डोर टू डोर करने में लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है और ऐसे ही शहर के हर कोने-कोने से समर्थन मिल रहा है। मीडिया से बातचीत करते हुए तनुजा ने कहा कि हल्का थानेसर में मौजूढा हालातो से लोग परेशान है। कहीं नालियां टूटी हुई, कहीं गलियां टूटी हुई, कहीं पर पानी नहीं पहुंचता। कुरुक्षेत्र की जनता ही नहीं बल्कि हरियाणा की पूरी जनता इंडियन नेशनल लोकदल को सत्ता में लाना चाहती है और आज लोगों में इंडियन नेशनल लोकदल का रुझान बखूबी देखने को मिल रहा है।

## एफएलएन प्रशिक्षण के कार्यक्रम का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



निपुण हरियाणा मिशन के तहत विद्यालय शिक्षा विभाग द्वारा खंड लाडवा में चार दिवसीय अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी, लाडवा हरदीप कौर द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की गई। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने सम्बोधन में अध्यापक प्रशिक्षण की जरूरत पर प्रकाश डाला गया तथा हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग द्वारा इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की गई। प्रशिक्षण के दौरान अध्यापकों को आधुनिक जरूरतों के अनुसार नवाचारों से अवगत करवाया जायेगा जिनका सीधा लाभ सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को होगा।

---

# कथा में सुनाया वामन अवतार प्रसंग

- श्रीमद्भागवत कथा में भगवान विष्णु की कथा का प्रसंग सुनकर नतमस्तक हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सेक्टर-8 के पार्क में चल रही श्रीमद्भागवत में गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति द्वारा आयोजित कथा में प्रसिद्ध कथा वाचक भागवत प्रवक्ता अनिल शास्त्री वेदाचार्य ने उपस्थित श्रोताओं को प्रवचन में बताया भगवान विष्णु ने सतयुग में अपना पांचवा अवतार वामन का लिया था। भागवत कथा के अनुसार, असुर राजा बली ने इन्द्र का देवलोक हड़प लिया था। इंद्र को देवलोक पर अधिकार दिलाने के लिए भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया। भगवान वामन एक बौने ब्राह्मण के वेश में विरोचन के पुत्र तथा प्रहलाद के पौत्र बली के पास गए। भगवान वामन ने बली से अपने रहने के लिए 3 पग भूमि मांगी। लेकिन बली ने भगवान वामन को 3 पग भूमि देने का वचन दे दिया।इसके बाद भगवान वामन ने अपना विशाल स्वरूप धारण कर लिया, पहले पग में पूरा भूलोक (पृथ्वी) और दूसरे में देवलोक नाप लिया। तीसरे कदम के लिए कोई भूमि नहीं बची, तो बली ने तीसरे पग के लिए अपना सिर सामने कर दिया। भगवान वामन बली की वचनबद्धता से प्रसन्न हुए, उन्होंने उसे पाताल लोक देने का निश्चय किया। उन्होंने तीसरा पग बली के सिर पर रखा, जिससे वह पाताल लोक में पहुंच गए।



कुरुक्षेत्र। कथा सुनाते कथावाचक अनिल शास्त्री।

### कुवि के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक दौरा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संस्थान, के एमबीए और बीबीए छात्रों ने यमुनानगर स्थित आईएसजीईसी हेवी इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड का औद्योगिक दौरा किया। छात्रों के साथ संकाय सदस्य डॉ. अनिल कुमार, डॉ. मीनाक्षी गोदारा और रश्मी कंसल भी थे। प्रशिक्षण केंद्र में, सहायक महाप्रबंधक एस.के. मिश्रा, और प्रमुख सुरक्षा अधिकारी ने छात्रों को संगठन की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया और जिनका छात्र प्रशिक्षण और रोजगार के लिए उनके संगठन में लाभ उठा सकते हैं। संगठन की विभिन्न कार्यशालाओं का दौरा करने से पहले, छात्रों को यात्रा के दौरान अपनाई जाने वाली सुरक्षा सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई।

# सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी तथा सड़क सुरक्षा नियमों का करें दृढ़ता से पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

सुरक्षित स्कूल वाहन पोलिसी तथा सडक सुरक्षा नियमों के तहत सोमवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी स्कूलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। उपस्थित अधिकारियों को स्कूली बसों को बच्चों के आवागमन के लिए पूरी तरह से सुरक्षित रखने के आदेश दिए गए। इसके अतिरिक्त सभी के प्रतिनिधि अपने-अपने स्कूल में स्कूली बसों के चालकों व परिचालकों की मीटिंग आयोजित करें तथा बसों की कमियों को दुरुस्त करें। सभी चालकों व परिचालकों को निर्देश दिए गए कि वे अपनी बसों को मार्ग पर संचालन के दौरान अवैध स्थानों, चौंकों तथा गतियों के मोड पर खड़ी न करें तथा अधिक यातायात वाले स्थानों पर स्कूली बच्चों को ध्यानपूर्वक चढ़ाना व उतारना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्कूल बसों के अंदर बैक हॉर्न न लगा हो, बसों के पीछे सेंसर लगा हो, स्कूल बस के अंदर वैद्य आरसी, रूट परमिट, बीमा पोलिसी, पासिंग तथा प्रदूषण जांच आदि के कागजात होने चाहिए। इसके अतिरिक्त चालकों तथा परिचालकों का वर्दी में होना अनिवार्य है, उनकी वर्दी पर नेम प्लेट होनी चाहिए। उन्होंने चालकों को सख्त निर्देश दिए जाएं कि वे निर्धारित गति सीमा के अंदर ही वाहन को चलाएं। बसों के अंदर व बाहर हैल्प लाईन नम्बर, स्कूल का फोन नम्बर आदि लिखा होना चाहिए। इमरजेंसी डोर चालू हालत में होना चाहिए। स्कूल बसों के अंदर सीसीटीवी कैमरे होने चाहिए।

**यह दिए निर्देश**

स्कूल के प्रतिनिधि यह सुनिश्चित करें कि उनके स्कूल के 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे स्कूल आने के लिए किसी भी प्रकार के वाहन का प्रयोग न करें। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र गर्ग सहित विभिन्न स्कूलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

## लोकतंत्र के महायज्ञ में सभी को डालनी चाहिए मतदान की आहुति : नागपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सीनियर सिटीजन फोरम कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान डा. अमीर चंद नागपाल ने कहा कि लोकतंत्र के महायज्ञ में मतदान आहुति जैसा है। सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए अपने-अपने हिस्से की आहुतियां डालनी चाहिए। जब सभी की भागीदारी होगी तभी महायज्ञ सफल होगा और विकास को सही दिशा मिलेगी। नागपाल मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के बाहर मतदान बारे लोगों को जागरूक करते हुए डा. ए.सी. नागपाल ने कहा कि सभी को अपनी जिम्मेदारियों को पहचानते हुए जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए कदम उठाना चाहिए। इससे लोकतंत्र भी कायम रहेगा। डा. ए.सी. नागपाल ने कहा कि मतदान करना समाज हित में है। शत-प्रतिशत मतदान से ही देश और समाज का हित होगा। यदि हम अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो इससे अपने को ही हानि पहुंचाएंगे। डा. ए.सी. नागपाल ने कहा कि सीनियर सिटीजन फोरम कुरुक्षेत्र द्वारा शहर भर में मतदान के लिए प्रचार अभियान चलाया जा रहा है।



# सरकार रोडवेज के कर्मचारियों से कर रही सौतेला व्यवहार : मायाराम

- 12 मई को सांझा मोर्चा की बैठक में लिया जाएगा आगामी फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन 1947की राज्य कमेटी की मीटिंग कैथल मे की गई। मीटिंग की अध्यक्षता राज्य प्रधान मायाराम उनियाल ने की। मीटिंग का संचालन महासचिव बलदेव सिंह मामुमाजरा ने किया। मीटिंग में उप महासचिव जोगिंदर ढुल, कोषाध्यक्ष रघुवीर पंजाबी, प्रदेश प्रेस प्रवक्ता रंजीत करोड़ा, ऑडिटर रामफल सिकरवाल, संगठन सचिव अरुण शर्मा, उप प्रधान सुनील निंबरन, उप प्रधान मजीद चौहान, उप प्रधान प्रभजोत सिंह, संगठन सचिव सतबीर यादव, संगठन सचिव करण सिंह, संजय सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे। मायाराम उनियाल ने कहा कि हरियाणा सरकार रोडवेज के कर्मचारियों से सौतेला व्यवहार कर रही है क्योंकि हरियाणा सरकार के साथ रोडवेज यूनियनों की कर्मचारियों की मांगों बारे कई बार वार्ता हो चुकी है और पूर्व परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने भी लिखित में कई बार आश्वासन दिया कि कर्मचारियों की सभी मांगे जायज है और जल्दी लागू कर देंगे।



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद यूनियन के पदाधिकारी।



कुरुक्षेत्र। नामांकन दाखिल करते प्रत्याशी। फोटो : हरिभूमि

### आखिरी दिन 14 नामांकन हुए दाखिल

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में नामांकन के हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल करने के आखिरी दिन 14 नामांकन पत्र दाखिल किए गए है। कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से अब तक 49 नामांकन पत्र दाखिल किए जा चुके है। कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में नामांकन प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है अब 7 मई को नामांकन पत्रों की छंटनी की जाएगी और 9 मई तक प्रत्याशी अपने नामांकन पत्र वापिस ले सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि सोमवार को विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा 14 नामांकन पत्र दाखिल किए गए है। इन नामांकन पत्रों में आम आदमी पार्टी प्रत्याशी सुशील कुमार गुप्ता ने 2 ओर नामांकन दाखिल किए है। इसी प्रकार जननायक जनता पार्टी के पाला राम ने भी 1 ओर नामांकन पत्र दाखिल किया है।

---

योग के लाभों पर प्रकाश डाल साधकों से कराया अभ्यास

# योग से तन, मन सभी पुष्ट होते : ओम प्रकाश

- भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के तत्वावधान में योगाश्रम मिजार्पुर (कुरुक्षेत्र) में आयोजित विशेष साधना एवं निष्काम सेवा सत्र में जिला कैथल के चीका एवं कुरुक्षेत्र के साधकों व कार्यकताओं ने पूरे उत्साह से भाग लिया। पहले सत्र में साधक साधिकाओं को सूक्ष्म क्रियाएं करवाई गईं। संस्थान की हरियाणा प्रान्त इकाई के प्रधान ओमप्रकाश ने योग मुद्रा आसन, वक्रासन तथा मर्कट आसन की सही विधि, निषेध, सावधानियां, व लाभ बताकर इनका सुंदर अभ्यास भी करवाया। साथ ही उन्होंने साधकों को अनुभव करवाया कि किस प्रकार आसनों को श्वास के साथ गतिबद्ध करके अभ्यास के ठहराव के समय को बढ़ाया जा सकता है और उचित लाभ प्राप्त कर किस प्रकार अपनी साधना में निखार लाया जा सकता है। उन्होंने लंबे श्वसन के लाभ बात कर इसका अभ्यास भी करवाया। उन्होंने कपालभाति प्राणायाम व शुद्धि क्रिया का भी बहुत सुंदर अभ्यास करवाया। ओमप्रकाश ने साधकों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली विरेचन क्रियाओं की सही विधि, निषेध, सावधानियों व लाभों पर प्रकाश डाल कर साधकों को इनका भी अभ्यास करवाया। उन्होंने साधकों की योग संबंधी जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। योग के महत्व के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि योग से हमारा तन, मन, चित्त व आत्मा- सभी पुष्ट होते हैं। अतः हर उम्र व वर्ग के व्यक्ति को नियमित रूप से प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए। कृष्ण योग जिला प्रधान देवी दयाल सैनी द्वारा ओम ध्वनि, वैदिक प्रार्थना एवं शांति पाठ के साथ विशेष योग साधना सत्र संपन्न हुआ। इसके पश्चात सेवा सत्र प्रारंभ हुआ जिसमें उपस्थित साधक साधिकाओं ने योगाश्रम मिजार्पुर में श्रमदान कर अपनी आत्मा को निष्काम सेवा की गंगा में स्नान करवाकर पवित्र किया।



कुरुक्षेत्र। भारतीय योग संस्थान के योगाश्रम मिजार्पुर में वक्रासन का अभ्यास करते साधक गण।

**समय-समय पर होते रहते हैं आयोजन**

इस ईश्वरीय कार्य में उपस्थित प्रत्येक साधक साधिकाओं ने अलौकिक आनंद की अनुभूति की। संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि योगाश्रम मिजार्पुर अब योग जिज्ञासुओं का पूजा स्थल बन गया है। समय-समय पर योग प्रेमी भारतीय योग संस्थान के इस पवित्र योगाश्रम में पधारकर और इस में निष्काम सेवा करके स्वयं को धन्य समझते हैं।



कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### पोस्टर मेकिंग में हरप्रीत प्रथम

**कुरुक्षेत्र।** झांसा रोड़ श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभातपुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में चार्ट मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि यह प्रतियोगिताएं कक्षा 6 से 8 व कक्षा 9 से 12 के दो कक्षा वर्गों में आयोजित हुई। विषय चुनने के लिए विधार्थी स्वतंत्र थे। बच्चों ने पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सूचना क्रांति का बढ़ता दुरूपयोग व सामाजिक बुराईयों के अनेकों विषयों को चुना। सुंदर, गहरे व प्रतिकात्मक चार्ट बनाए। राठोर ने प्रतियोगिता परिणाम घोषित करते हुए कहा कि 9 से 12 वर्ग में हरप्रीत प्रथम,दिशा द्वितीय, राधिका तृतीय व स्नेहा चतुर्थ स्थान पर रही। इसी प्रकार कक्षा 6 से 8 वर्ग में वंशिका ने पहला, पुष्पा व भूमिका ने दूसरा, माही व खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मानवी व स्नेहा ने सांत्वना पुरस्कार जीता। प्रबंधक सुनील सचदेवा ने विजेता बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उप-प्राचार्य मंजुला शर्मा, डा संतोष शर्मा, रेखा धीमान, सरिता शर्मा, ज्या वत्स, हैड टीचर सुशीला देवी, अनु पाहवा, अनिता वालिया, सुमन धीमान, तमन्ना धमीजा आदि मौजूद रहें।

### लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए वोट देना जरूरी

**कुरुक्षेत्र।** देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक मतदाता को वोट डालना जरूरी है और प्रत्येक मतदाता को आगामी 25 मई को अपने बूथ पर जाकर वोट डालनी चाहिए। यह संदेश नेहरु युवा केंद्र के स्वयंसेवकों ने लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा के आदेशानुसार सोमवार को डिवाइन मॉल में मतदाता जागरूकता विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस नुक्कड़ नाटक को जिला निर्वाचन कार्यालय की मार्गदर्शन में तैयार किया और डिवाईन मॉल में इस नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि इस नुक्कड़ नृत्य गायन नाटक में नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवकों ने आमजन को संदेश दिया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 में 25 मई के दिन अपने घरों से बाहर निकल कर अपने बूथ तक पहुंचना है।

## खबर संक्षेप

### आठ वारदातें सुलझी, दो आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना सैक्टर-9 में दर्ज स्नैचिंग के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी अभिषेक कुमार व नितेश कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया। अब तक आरोपियों ने आठ वारदातों को अंजाम देने का जुर्म कबूला है। पीड़ित महिला ने 28 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि सैक्टर-7 अअंबाला शहर के पास से आरोपी अभिषेक व नितेश ने उसके हाथ से बैग छीन लिया है। इसमें नकदी, मोबाइल व अन्य सामान था। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### हेरोइन तस्करी में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी के रोटरी अस्पताल के पास से मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी अमन कुमार को 70 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। अब उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-1 सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। सूचना उपरान्त पुलिस ने आरोपी को नाकाबंदी कर काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 70 ग्ा्रम हेरोइन बरामद हुई।

### दो मामलों में 20 बोतल शराब सहित काबू

अंबाला। थाना महेशनगर क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी अतुल कुमार को 10 बोतल शराब सहित काबू किया है। एक अन्य मामले में पुलिस ने आरोपी सतीश कुमार को 10 बोतल शराब सहित काबू किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। अब आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

### धमकी देने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी बलबीर सिंह, सुखविंद्र सिंह व आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। गंगनपुर के पाला राम ने 2 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 2 अप्रैल 2024 को आरोपी आरोपी बलबीर सिंह, सुखविंद्र सिंह, महिला व अन्य ने उससे तथा अजय से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### मकान से 12 तोले सोने और डेढ़ किलो चांदी चोरी

**जींद।** नरवाना के ओल्ड कोर्ट रोड पर बीती रात चारों ने मकान का ताला तोड़ कर 12 तोले सोने तथा डेढ़ किलोग्राम चांदी के जेवरात व अन्य सामान को चोरी कर लिया। व्यक्ति ने आरोप लगाया कि पुराने मकान मालिक ने उसके मकान में चोरी की है। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ओल्ड कोर्ट रोड निवासी भानू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने मकान को बनित से खरीदा था। गत 22 अप्रैल को वह अपनी पत्नी को दवाई दिलाने बच्चों के साथ पटियाला चला गया और वहीं अपने भाई के पास ठहर गया।

---

### डीजीपी शत्रुजीत कपूर बोले- लगातार उन्नति कर रहा है पुलिस डीएवी स्कूल

# पुलिस डीएवी स्कूल के स्थापना दिवस पर छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों से मचाया धमाल


अंबाला। ई. लाइब्रेरी के शुभारंभ पर मौजूद डीजीपी शत्रुजीत कपूर व खजानी देवी।

नन्हे पौधे से विशाल वृक्ष बना पुलिस डीएवी स्कूल, प्रदेश में चल रहे हैं ऐसे 22 स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मुख्यअतिथि डीजीपी का अभिनंदन करते हुए व समारोह में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र।

पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में स्कूल फाउंडेशन डे समारोह एवं नवनिर्मित चक्रव्यूह द नो-टू-ड्रग एजूकेशनल एस्केप रूम का उद्घाटन डीजीपी शत्रूजीत कपूर ने किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का स्वागत स्कूल बैगपाइपर बैंड द्वारा किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा नवनिर्मित चक्रव्यूह दि नॉ-टू-ड्रग एजूकेशनल एस्केप रूम का उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात स्कूल ऑडिटोरियम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से धूम मचा दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ दीप प्रज्वलन व डीएवी गान के साथ किया। स्कूल के विद्यार्थियों ने 'शुभ स्वागतम' गीत पर मनमोहक नृत्य के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया। डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा की व उनका मनोबल बढ़ाया तथा सभी को विद्यालय के फाउंडेशन डे पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल डीएवी मैनेजमेंट व पुलिस डिपार्टमेंट का ज्वाइंट वेंचर है। यह स्कूल 6 मई 1996 को शुरू हुआ था। तब से यह लगातार उन्नति के पथ पर अग्रसर है। पूरे प्रदेश में पुलिस व डीएवी संस्थाओं के अथक प्रयास से 22 विद्यालय सफलतापूर्वक चल रहे हैं। पुलिस डीएवी के विद्यार्थियों ने अपने कक्षा दसवीं में व बारहवीं में अपने परीक्षा परिणाम से सदा अपने विद्यालय का नाम उंचा किया है। इस बार भी यह विद्यार्थी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत व दृढ़ निश्चय के बल पर सफलता प्राप्त करने का मंत्र दिया तथा विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विकास कोहली की विद्यालय के लिए कर्मठता व लग्न के लिए प्रशंसा की। उन्होंने स्कूल में लैंग्वेज लैब स्थापित करने के लिए 40 कंप्यूटर देने की घोषणा की। एडीजीपी ओपी सिंह ने अपने आशीर्वचनों से बच्चों की प्रस्तुति के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने पुलिस डीएवी स्कूल के आरंभ होने से लेकर अब तक के सफलतापूर्ण सफ़र के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने शिक्षा के इस मंदिर के एक नन्हें पौधे से एक विशाल वृक्ष बनने की सबको बधाई दी। यह वृक्ष दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की करता रहे यह कामना की।उन्होंने ड्रग्स के विषय में कहा की यह हमारे शरीर और समाज दोनों को नष्ट करती है इसलिए इससे दूर रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि पुलिस डीएवी के विद्यार्थियों ने हर दिशा में सफलता के परचम लहराए हैं।

आईजी शिवास कविराज ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो हमें सफलता की ओर अग्रसर करता है। शिक्षा ही संसार में हमें श्रेष्ठ बनाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि हमारे माता-पिता हमारे पहले गुरु होते हैं। वह हमारे मार्गदर्शक होते हैं I हमें अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत कर अपने देश की उन्नति के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के विद्यार्थियों ने एस्केप रूम पर आधारित चक्रव्यूह के थीम पर आधारित अत्यंत मनमोहक नाटक का मंचन कर कार्यक्रम में प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने कार्यक्रम में आए हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया तथा बताया कि पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में शिक्षा खेलकूद अन्य गतिविधियों का सदा से ही सामंजस्य स्थापित किया जाता है ताकि विद्यार्थियों का चहुंमुखी विकास किया जा सके। इस विद्यालय में विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए उन्हें भरपूर अवसर प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि डीजीपी की अध्यक्षता में विद्यालय सफलता का परचम हर क्षेत्र में लहरा रहा है। 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले छात्रों को चार लाख रुपए की धनराशि की छात्रवृति प्रदान की गई। डीएवी नेशनल खेलों में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 25 विद्यार्थियों को 5100 रुपए प्रति छात्र की धनराशि प्रदान की गई।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर एसपी जीआरपी राजेश कालिया, स्कूल मैनेजर सुमन निझावन, जेएस नैन, जीएस चोपड़ा, डॉ. डीपी असीजा, अनिल गुप्ता, गुलशन चांदना, ओपी शर्मा, डॉ. एमएस सचदेवा, विभिन्न स्कूलों व कॉलेज के प्रिंसिपल, विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं के मेंबर्स मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## अब पढ़ाई के साथ छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का मिलेगा मौका

- पुलिस लाइन में सरदार पटेल पुलिस ई. लाइब्रेरी की हुआ शुभारंभ, मुख्य सिपाही स्वर्गीय ताराचंद की याद में शुरू की लाईब्रेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस लाइन में सोमवार को सरदार पटेल पुलिस ई.लाइब्रेरी की शुरूआत की गई। यह ई.लाइब्रेरी हरियाणा पुलिस के मुख्य सिपाही स्वर्गीय तारा चन्द की स्मृति में तैयार की गई है। इसका उद्घाटन मुख्य सिपाही स्वर्गीय ताराचंद की धर्मपत्नी खजानी देवी द्वारा किया गया। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक ने ई.लाइब्रेरी परिसर का निरीक्षण करते हुए वहां विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के आगमन पर सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गई। सलामी उपरांत पुलिस महानिदेशक ने पुस्तकालय के प्रांगण में पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कपूर ने इस अवसर पर श्रीमति खजानी देवी को सम्मानित भी किया। ई.लाइब्रेरी में विभिन्न विषयों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित लगभग 4500 पुस्तकों का भंडारण किया गया है। ये पुस्तके अंग्रेजी तथा हिंदी दोनो भाषाओं में उपलब्ध हैं जिनमें से लगभग तीन सौ पुस्तकें प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित है। यह ई.लाइब्रेरी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है जहां पर अध्यापन करने के लिए आने वाले विद्यार्थियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। ई.लाइब्रेरी वातानुकूलित होने के साथ.साथ इंटरनेट सुविधाओं से संपन्न और कंप्यूटराइज्ड है। ई.लाइब्रेरी में किन्डल की सुविधा भी है जिसमें पाठक अपनी इच्छानुसार पुस्तके डाउनलोड कर पढ़ सकते हैं। ई.लाइब्रेरी में ऑनलाईन विदेशी भाषाओं जैसे फ्रेंच, जापानी व स्पेनीज को भी ऑनलाइन माध्यम से सिखाने की व्यवस्था की गई है। पुलिस लाइन में बनी इस ई.लाइब्रेरी का पुलिसकर्मियों के बच्चों सहित डीएवी स्कूल के बच्चें प्रतियोगी और अन्य परीक्षाओं में लाभ उठा सकेंगे। भविष्य में विद्यार्थियों की सुविधा को देखते हुए इसे समय.समय पर अपग्रेड किया जाएगा। इसमें विदेशी भाषा लर्निंग केन्द्र, एक महत्वाकांक्षी योजना है।

---

## एकजुट हुए कर्मचारी, ओल्ड पेंशन के मुद्दे पर मतदान करने का लिया निर्णय

- पुरानी पेंशन बहाल संघर्ष समिति की अहम मीटिंग में लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


बराड़ा। बैठक में भाग लेते हुए कर्मचारी।

पुरानी पेंशन बहाल संघर्ष समिति की एक बैठक का आयोजन हुआ। इस मीटिंग में पुरानी पेंशन बहाल संघर्ष समिति के राज्य प्रधान विजेंद्र धारीवाल, राज्य उप प्रधान कमलदीप हुसैनी, राज्य कार्यकारिणी सदस्य आनंद कंवर, जिला प्रधान रमेश धीमान, जिला महासचिव सुदेश कुमार, पंचकूला जिला प्रधान सुभाष जांगड़ा, यमुनानगर जिला प्रधान शशि भूषण, हरियाणा कर्मचारी महासंघ जिला प्रधान सतबीर सिंह होली और तीनों जिलों के सभी ब्लॉकों के प्रधान और उनकी कार्यकारिणी और सैंकड़ों कर्मचारी शामिल हुए। इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य पुरानी पेंशन बहाल संघर्ष समिति की वोट फॉर ओपीएस मुहिम को जन-जन की आवाज बनाना था। इस अवसर पर राज्य प्रधान और उप प्रधान ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले सात आठ सालों से पेंशन बहाली संघर्ष समिति पुरानी पेंशन बहाल करवाने के लिए लगातार आंदोलन कर रही है। कर्मचारियों की इस जायज और जरूरी मांग के लिए शासन और प्रशासन से लगातार गुहार लगा चुकी हैं। इस बारे में कई बार हरियाणा सरकार ने कर्मचारियों के आक्रोश को देखते हुए राज्य कार्यकारिणी से वार्ता की।

## आखिरी दिन पांच प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

- आजाद समाज पार्टी ने भी उम्मीदवार मैदान में उतारा
- आईएएस सुखबीर को सरकार की ओर से लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त किया सामान्य ऑब्जर्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। नामांकन पत्र दाखिल करता कवरिंग प्रत्याशी।

अंबाला लोकसभा सीट से सोमवार को 2 कवरिंग प्रत्याशियों के साथ 2 निर्दलीय व आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) के प्रत्याशी ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया है। इनेलो से कवरिंग प्रत्याशी के तौर पर जगीर सिंह, बहुजन समाज पार्टी से कवरिंग प्रत्याशी के तौर पर मनोज कुमार, निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर कुलबीर सिंह व बिजेंद्र कुमार तथा आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) से कमल कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों ने सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद सविंधान के प्रति निष्ठा की शपथ भी ली। इनेलो पार्टी से असंध के जगीर सिंह ने नामांकन दाखिल किया है। इसी प्रकार निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर गांव बोह के कुलबीर सिंह ने नामांकन दाखिल किया है। कुलबीर सिंह एजी हरियाणा से सेवानिवृत कर्मचारी है। निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर ही सोनीपत के गांव असावारपुर के बिजेंद्र कुमार ने नामांकन दाखिल किया है। आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) से बराड़ा के रहने वाले कमल कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने नामांकन पत्र के साथ दिए गए कागजात में चल संपत्ति दो लाख बताई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने वाले सभी प्रत्याशियों की रिपोर्ट चुनाव आयोग द्वारा को भेजी गई है। उन्होंने बताया कि प्रत्याशियों के नामांकन की जांच 7 को होगी। नामांकन वापिस लेने की तिथि 9 है। मतदान 25 मई 2024 को होगा।

**आईएएस सुखबीर लगाए गए ऑब्जर्वर**

लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत सामान्य आब्जर्वर भारतीय प्रशासनिक सेवा मध्यप्रदेश के सुखबीर सिंह को लगाया गया है। लोकसभा चुनाव से संबंधित प्रत्याशी या उसके एजेंट चुनाव से जुड़ी यदि किसी भी तरह की जानकारी चाहते हैं तो वे सर्किट हाउस अंबाला छावनी में उनसे मिल सकते हैं। इसके साथ-साथ उनके मोबाइल नम्बर 9588577821 पर संपर्क किया जा सकता है।

---

## बीज विक्रेता सरेआम कर रहे किसानों से लूट : राजीव आर्य

- किसानों ने सरकार और जिला प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले की अनाज मंडियों में बीज व दवा विक्रेताओं द्वारा धान के बीच में की जा रही कालाबाजारी को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने सोमवार को ढांड में सरकार और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इससे पूर्व किसने की बैठक भारतीय किसान यूनियन के ढांड कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेश बंदराना ने की तथा मुख्य तौर पर प्रदेश महासचिव भूराराम पबनावा और युवा प्रदेश अध्यक्ष राजीव आर्य ने भाग लिया। राजीव आर्य ने कहा कि अनाज मंडी में जो दवाई की दुकानें हैं वह किसानों की धान की 7501 और 7301 को लेकर सरेआम कालाबाजारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दवाई विक्रेता इन बीजों को 1600 रुपए के हिसाब से खरीदते हैं तथा बाद में किसानों को 3400-3500 की दर से बेच रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूंडरी की अनाज मंडी में भारतीय किसान यूनियन ने कालाबाजारी करते दुकानदारों को पकड़ा था लेकिन उन दुकानदारों के खिलाफ कृषि उपनिदेशक द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन दवाई विक्रेताओं को किसानों से खुली लूट की छूट दे रहा है जिसे भाकियू सहन नहीं करेंगे।

## शौर्या बना हैड ब्वॉय व गुरलीन हैड गर्ल

- जय पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी।

छात्रों में नेतृत्व क्षमता और प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए जय पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह भव्य रूप से मनाया गया। समारोह की शुरुआत प्राचार्य डॉ. नीलम जैन के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को स्कूली जीवन में संपूर्ण शिक्षण और ज्ञान अर्जन को क्रियान्वित करने की सलाह दी। अपनी शपथ में उन्होंने यह भी कहा कि एक नेता को प्रतिबद्धता और ईमानदारी के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से विद्यालय की बेहतरी के लिए विद्यार्थी परिषद में सहयोग करने को कहा। इसके साथ ही सभी परिषद सदस्यों की सराहना की गई और उन्हें बैज भी प्रदान किए गए। हैड ब्वॉय शोर्या प्रताप को बनाया गया जबकि हैड गर्ल गुरलीन, स्कूल स्पीकर कीर्ति को, वाइज स्कूल स्पीकर राघव, रूबी हाउस कैप्टन मन्नत शर्मा, रूबी वाइस हाउस कैप्टन प्रीति, टोपाज हाउस कैप्टन भव्या बख्शी, टोपाज वाइस हाउस कैप्टन वेदांशी, एमराल्ड हाउस कैप्टन सुप्रिया, एमराल्ड वाइस हाउस कैप्टन हार्दिक, सफायर हाउस कैप्टन राधिका अग्रवाल व सफायर वाइस हाउस कैप्टन चार्वी बने।

## एसएचओ के खिलाफ एकजुट हुई कई गांवों की पंचायतें

- रवैये पर उठाए सवाल
- सरपंचों ने एसएचओ को तुरंत लाइन हाजिर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

चैत्र महीने में आयोजित हुए वार्षिक मेले में बेहतर पुलिस सुरक्षा उपलब्ध न कराए जाने के आरोपों से घिरे थाना प्रभारी के खिलाफ क्षेत्र की कईं पंचायतों ने मोर्चा खोल दिया है। मंदिर कमेटी मेले के दौरान व्यक्त कर चुकी है कि थाना प्रभारी सहयोग नहीं करते। उन का बर्ताव संतोषजनक नहीं है। थाना प्रभारी से क्षेत्र की कईं पंचायतें भी खफा दिखाई दी। ग्राम पंचायतों ने शिकायत पत्र लिख मुख्यमंत्री को एसएचओ के ट्रांसफर की मांग की है। क्षेत्र से दर्जनों पंचायतें मुलाना, सरदाहेड़ी, झाड़ूमाजरा ,बुडियों , सिंबला,सुलखनी,धनौरा,होली,अलीपुर,सोहाना,खेड़ा, धीन , डुलियाना , ब्लॉक समिति बराड़ा चेयरमैन रवि शेर व अन्य ने थाना प्रभारी कमलदीप सिंह के रवैये पर सवाल उठाते हुए सीएम नायब सैनीं को शिकायत पत्र सौंपकर थाना प्रभारी के तबादले की मांग की गई है। पत्र में लिखा गया है कि कमलदीप सिंह थाना मुलाना में एसएचओ के पद पर कार्यरत हैं। थाना मुलाना के अंतर्गत 57 गांव आते हैं। आरोप है कि थाना प्रभारी बिना वजह से नागरिकों को परेशान करके उनके खड़े वाहनों का भारी भरकम चालान काटते हैं।

---

## आईटी प्रश्नोत्तरी में दयानंद हाउस ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़


नारायणगढ़। विजेता छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानाचार्य व अन्य शिक्षक।

सोमवार को डीएवी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय में अंतर सदनीय सूचना प्रौद्योगिकी प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में दयानंद हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों ने भाग लिया । प्रतियोगिता का उद्देश्य इंटरेक्टिव तरीके से भी आईटी अवधारणाओं की गहरी समझ को बढ़ावा देना रहा है। इस प्रतियोगिता में कुल तीन राउंड रखे गए । पहला राउंड सामान्य ज्ञान का रहा ,जिसमें विद्यार्थियों ने प्रौद्योगिकी के प्रति अपने ज्ञान व जुनून का प्रदर्शन करते हुए बढ़ -चढ़कर उत्तर दिए । दूसरे राउंड में 'चित्र देख नाम बताओ' राउंड रहा। तीसरे राउंड में बहु विकल्पी सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित प्रश्न पूछे गए थे। सभी राउंड में विद्यार्थियों ने अपनी कार्यकुशलता और बुद्धि के बल पर बेहतरीन प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में पी के शर्मा , तरणजीत कौर और अरविंद गुप्ता रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर आरपी राठी ने चारों सदनों के प्रतिभागियों के प्रदर्शन को गहनता से अवलोकन किया और कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ तार्किकता क्षमताओं का सच्चा परीक्षण है। दयानंद हाउस ने अपने समर्पण और विषय की व्यापक समझ के साथ इस प्रतियोगिता को जीता है। इन प्रतियोगिताओं म नवीनतम तकनीकी प्रगति से अवगत होते हैं।

### गुरुद्वारा दोसड़का में सिख संगत की हुई अहम मीटिंग, जांच की कड़ी आलोचना की

## गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी के नीचे मेटल डिटेक्टर लगाने पर रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना


मुलाना। विरोध जताते हुए सिख पदाधिकारी।

गुरूद्वारा दौसड़का में सिख संगत की एक बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता दौसड़का गुरुद्वारा प्रधान जसबीर सिंह खालसा ने की। इस दौरान सिख संगत ने नारायणगढ़ में श्री गुरू तेगबहादुर के प्रकाश उत्सव के दौरान गुरू ग्रंथ साहिब पालकी के नीचे मेटल डिटेक्टर से तलाशी लेने के चलते रोष व्यक्त किया । जसबीर सिंह खालसा ने कहा कि नारायणगढ़ में 29 अप्रैल को गुरुद्वारा रात गढ़ साहिब में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के प्रकाश उत्सव में मुख्यमंत्री नायब सैनी को पहुंचना था। इस दौरान सुरक्षा दस्ताने गुरुद्वारा साहिब के अंदर गुरुद्वारा साहिब की चेकिंग की और गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी के नीचे मेटल डिटेक्टर के साथ तलाशी ली। यह सब समागम के आयोजन के दौरान किया गया । यह निंदनीय घटना है। इससे सिख संगत में रोष की लहर है। उन्होंने कहा कि इसमें सबसे बडी दोषी वहां की गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र से संगत वहां की गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी से इस बारे वहीं जाकर जवाब मांगेगी । गुरु ग्रंथ साहिब हमारे लिए सब कुछ है। वहां मर्यादा की उल्लंघना किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी । खालसा ने उक्त गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को बर्खास्त करने की मांग की । मौके पर जरनैल सिंह जैली, प्रहलाद सिंह,राजिंद्र सिंह कोकी , हरजिंद्र,रविंद्र बसंतपुरा,परमजीत सिंह खानअहमदपुर, गोपाल सिंह डुलियाना, अजीत सिंह, गुरमीत सिंह वधवा, कैप्टन भूपिंद्र सिंह , गुरजीत सिंह धीन, जसपाल सिंह तंदवाल , कुलबीर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।